भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
Physical Research Laboratory, Ahmedabad

विश्व हिंदी दिवस - 2023

विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 13 जनवरी 2023 को एक ऑनलाइन **"हिंदी भाषण प्रतियोगिता"** का आयोजन किया गया था, जिसमें पीआरएल के मुख्य परिसर तथा उदयपुर एवं माउंट आबू परिसर के सदस्यों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 17 सदस्यों की उपस्थिति दर्ज हुई एवं 6 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस हिंदी भाषण प्रतियोगिता के विषय के दो विकल्प थे:

1. विश्वभाषा बनने में हिंदी के समक्ष चुनौतियां
2. सामाजिक विकास में साहित्य का योगदान

इन विषयों में से प्रतिभागियों को कोई एक विषय का चयन करना था। प्रतियोगिता में हिंदी साहित्य संबंधी व्यापकता का पता चला और हिंदी भाषा के वैश्विक स्तर और उसकी चुनौतियों का भी बोध हुआ। इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री प्रदीप कुमार शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं डॉ. (श्रीमती) निष्ठा अनिल कुमार, प्रधान, पुस्तकालय उपस्थित रहे और इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन श्रीमती रुमकी दत्ता, सहायक निदेशक (रा.भा.) ने किया।





हिंदी भाषण कार्यक्रम की झलकियां